दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### वाहन चालक अपर्ण कुमार खेस को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**रायगढ़।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)धरमजयगढ़ में वाहन चालक (परि.)श्री अपर्ण कुमार खेस जो 20 नवम्बर 2017 से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। एसडीएम धरमजयगढ़ ने वाहन चालक खेस को कारण बताओ सूचना पत्र भेजते हुए एक सप्ताह के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है। अगर वाहन चालक खेस एक सप्ताह के भीतर कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो छ.ग.शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सेवा से त्याग पत्र दिया हुआ समझा जाकर उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी, जिसके लिए वाहन चालक खेस स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

### डिप्लोमा इंजी.के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण का रजिस्ट्रेशन एवं दस्तावेज परीक्षण 26 एवं 27 नवम्बर को

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में सत्र 2021-22 में डिप्लोमा इंजी.के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु संस्थावार काऊंसिलिंग के द्वितीय चरण का रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज परीक्षण 26 एवं 27 नवम्बर को सायं 5 बजे तक होगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं 27 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक रजिस्ट्रेशन कराकर 5 बजे तक दस्तावेज परीक्षण डीव्हीसी करा सकते है। संस्थावार काऊंसिलिंग के लिए पीपीटी/बिना पीपीटी (दसवीं परीक्षा के)आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।

### कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित नियंत्रण कक्ष (दूरभाष क्रमांक 07762-222750)के संपादन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 27 नवम्बर से 23 दिसम्बर 2021 तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 आकाश छवि व उप संचालक कृषि रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 बुदेल सिंह, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 पी.के.सिंह एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सचिवीय सहायक भुनेश्वर मालाकार तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 एकनाथ यादव एवं कि.शा.डिग्री कालेज रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 दिलीप निषाद की ड्यूटी लगाई गई है।

### गीतांजलि एक्सप्रेस के बोगी में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में मुंबई से चलकर हावड़ा को जाने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस में अज्ञात युवक की लाश मिली है। मामले की सूचना मिलते ही राजनांदगांव स्टेशन में शव को उतारा गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक शख्स को संदिग्ध हालत में देखा। वहीं जांच में पता चला कि उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को बरामद किया। रेलवे पुलिस केस दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई हैं।

# जिले के सभी स्कूलों में मनाया गया संविधान दिवस

## बच्चो को आगामी तीन सोमवार को भी दी जाएगी संविधान की जानकारी

**» स्कूलों में भारत का संविधान व हम भारत के लोग नामक लघु पुस्तिका की गई है वितरित**




**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों में संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ और संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा गोष्ठी, भाषण आदि गतिविधियां आयोजित की गयी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप राज्य के सभी स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला तथा सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर पूर्वान्ह 11 बजे संविधान की प्रस्तावना ऑनलाइन पठन हेतु निर्मित वेब पोर्टल द्वारा पढ़ा जाएगा तथा जहां कम्प्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध न हो, वहां पूर्व की भांति ऑफलाइन मोड में संविधान के प्रस्तावना का पाठन कराया जाएगा। निर्देश के परिपालन में आज रायगढ़ जिले के सभी स्कूलों में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया गया एवं संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा एवं भाषण आयोजित किये गए।

**तीन सप्ताह और दी जाएगी संविधान की जानकारी**

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप भारतीय संविधान से बच्चों को परिचित कराने हेतु स्कूलों में प्रथम सप्ताह संविधान की प्रस्तावना का 26 नवंबर 2021 को पठन, द्वितीय सप्ताह मौलिक अधिकार, तृतीय सप्ताह संविधान में उल्लेखित मौलिक कर्तव्य एवं चतुर्थ सप्ताह राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को समाहित किया गया है। शासन के निर्देशानुसार प्रति सोमवार आगामी तीन सप्ताह तक जिले के समस्त शैक्षिक शासकीय एवं अशासकीय दोनों संस्थाओं मे प्रार्थना के उपरांत संविधान के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी एवं इस संबंध में बच्चों को जानकारी दी जाएगी।

**की गई है पुस्तकें मुफ्त में वितरित**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप एससीईआरटी रायपुर द्वारा तैयार की गई भारत का संविधान व हम भारत के लोग नामक दो लघु पुस्तिका छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर की ओर से प्रकाशित कर सभी शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा पहली से आठवीं और हम भारत के लोग हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल में निःशुल्क वितरित की गई है। इन दोनों लघु पुस्तिका में संविधान की प्रस्तावना, संक्षिप्त परिचय, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को बाल मनोविज्ञान के अनुरूप सचित्र प्रस्तुत किया गया है।

### कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

भारत सरकार द्वारा डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ.अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। संविधान दिवस के मौके पर कलेक्टोरेट परिसर, रायगढ़ में आज समस्त विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भारत के संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने संविधान की प्रस्तावना का पठन किया, जिसे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोहराया। इस अवसर पर एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिक्षक पर छेड़खानी का मामला दर्ज

**» मामला हरदीबाजार बालक हाई स्कूल का**

**हदरीबाजार (आरएनएस)।** शासकीय बालक एंव कन्या उ. माध्यमिक विद्यालय हरदी बाजार में गुरुवार दोपहर को अचानक छात्रा छात्राओं के महिला पालक 10-12 की संख्या में एवं छात्र-छात्राएं प्राचार्य के कक्ष में पहुंचे जहां पालकों एवं छात्राओं ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्कूल के शिक्षक महेंद्र कश्यप के प्रति आरोप लगाते हुए कहा गया कि महेंद्र कश्यप शिक्षक हैं इसके बावजूद भी लड़कियों के ऊपर बुरी नजर डालते है उनसे गलत -गलत शब्दों में बात करते है हमेशा दुर्व्यवहार किया जाता है ऐसे आरोप लगाते हुए महेंद्र कश्यप के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही गई पालक,शिक्षकों व शाला समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच में चर्चा विमर्श पश्चात भी मामला नही सुलझा तब पालक महिला एवं छात्रऐं नारे बाजी करते हुऐ हरदी बाजार चौकी में जाकर महेंद्र कश्यप के खिलाफ कराई करने की मांग लेकर लिखित बयान दिऐ,तब जाकर उपनिरीक्षक तारनदास कोसले ने शिक्षक महेंद्र कश्यप के उपर 354 छेडखानी का मामला दर्ज कर लिया गया तब जाकर पालक महिला व छात्राऐं, सरपंच व जनपद सदस्य भी उपस्थित थे,जो कार्यवाही पशच्चात अपने घर वापस गये । वही शिक्षका समिति ने विघालय में शुक्रवार सुबह 12 बजे शाला समिति की बैठक में कठोर कार्यवाही करने की बात कही । संस्था के प्राचार्य बी एन दीवाकर ने उक्त घटना की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को देने की बात कही है ।

# फ्लोर वाईस पूरा करते चले मेडिकल कालेज के निर्माण संबंधी शेष कार्य-कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने किया मेडिकल कालेज का निरीक्षण, कार्यो को गति देने के दिए निर्देश**

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंह ने मेडिकल कालेज में निर्माण कार्य और शिफ्टिंग की समीक्षा की। उन्होंने यहां सिविल और इलेक्ट्रीकल वर्क के प्रोग्रेस की जानकारी ली। उन्होंने फ्लोर वाईस शेष बचे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे मेडिकल कालेज में विभिन्न डिपार्टमेन्ट की शिफ्टिंग साथ-साथ होती जाए। इसके लिए उन्होंने उन्होंने मेडिकल कालेज के डिपार्टमेन्ट शिफ्टिंग की जरूरत के अनुसार सभी इलेक्ट्रीकल व सिविल काम संबंधित फ्लोर में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही वहां मरीजों को रखने के लिए वार्ड भी तैयार करके देने के निर्देश दिए जिससे संबंधित डिपार्टमेन्ट की एकमुश्त शिफ्टिंग की जा सके तथा संचालन में भी आसानी हो। इस दौरान मेडिकल कालेज के डीन डॉ.पी.एम.लूका, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज, ईई पी.डब्लूडी आर.के.खाम्बरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कालेज के डीन तथा निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से शिफ्टिंग के बारे में जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले दिसम्बर माह में तीन फ्लोर के इलेक्ट्रीक का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात वहां अंतिम चरण का सिविलि कार्य शेष है उसे भी जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने किए जा रहे कार्यो को गति देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कोविड मरीजों के उपचार हेतु तैयारियों पर भी चर्चा की। उन्होंने केजीएच अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड तथा ट्रीटमेंट सेंटर बनाने के निर्देश दिए। जिससे उपचार के लिए आने वाले कोविड मरीजों को वहां भर्ती कर इलाज किया जा सके।

# स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाएं करेंगे नौनिहालों की भाषायी दक्षता को समृद्ध

**» दिसम्बर के प्रथम सप्ताह से होंगी स्कूलों में ईजीएल से पढ़ाई**

**» विकासखंड स्तरीय तीन दिवसीय भाषायी दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**



**रायगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार 2025 तक कक्षा 05 तक के बच्चों में बुनियादी भाषाई एवं गणितीय दक्षता विकसित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए रायगढ़ जिला प्रशासन के पहल एवं यूनिसेफ, रुम टू रीड के सहयोग से जिले के तीन विकास खंडों रायगढ़,खरसिया और तमनार चल रहे भाषाई दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम का बीते 24 नवम्बर को समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उक्त तीनों विकास खंडों में चिन्हित प्रशिक्षण केन्द्रों में 525 विद्यालय के कक्षा पहली और दूसरी में अध्यापन करने वाले शिक्षकों को भाषाई दक्षता प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशासन रायगढ़ के पहल एवं यूनिसेफ एवं रूम टू रीड के सहयोग से संचालित उक्त भाषायी दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनिसेफ की शिक्षा सलाहकार सुश्री रंजू मिश्रा, यूनिसेफ के जिला परियोजना अधिकारी प्रशांत प्रधान, रूम टू रीड कार्यक्रम से सम्बद्ध मोहनिश, सामंत, सनत, आदित्य, रणधीर सिंह आदि का सहयोग रहा। जिन्होंने विकासखंड रायगढ़, खरसिया एवं तमनार के 44 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के उपरांत 525 विद्यालयों के कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्यापन करने वाले शिक्षकों को भाषायी दक्षता कार्यक्रम के उद्देश्य, इसकी उपयोगिता बताते हुए सीखने व सिखाने के एक बेहतरीन सकारात्मक शैक्षणिक व प्रभावी वातावरण में मास्टर ट्रेनर्स व सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने में महती भूमिका रही।

**जिले से लगातार की गई मॉनिटरिंग-** कार्यक्रम के अंतिम दिवस तमनार के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में निरीक्षण व शिक्षक-शिक्षिकाओं के फीडबैक प्राप्त करने पहुंचे एपीसी एवं जिला प्रशिक्षण प्रभारी भुवनेश्वर पटेल व जिले के कार्यक्रम प्रभारी एपीसी आलोक स्वर्णकार ने विकासखण्ड तमनार के तीनों प्रशिक्षण सदन को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्य, इसकी उपयोगिता और भविष्य में मिलने वाले इसके सकारात्मक परिणाम के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं से इस कार्यक्रम से संबंधित फीडबैक प्राप्त करते हुए बेहद आश्वस्त दिखे।

उक्त प्रशिक्षण का प्रभाव शिक्षक-शिक्षिकाओं पर बेहद ही सकारात्मक व प्रेरणादायक रहा और एक उम्मीद जागी है कि सभी के समन्वित प्रयासों से भाषायी दक्षता का यह कार्यक्रम अपने महती उद्देश्य को अवश्य प्राप्त करेगा। उक्त भाषायी दक्षता कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम फलस्वरूप बच्चों के भाषायी ज्ञान और समझ विकसित होने से बच्चे पढ़ने व समझने के योग्य बनेंगे, जिससे वे अन्य विषयों की किताबों को भी पढ़ने में समर्थ हो सकेंगे।

# डायल 112 के ड्राइवर की हत्या से मची सनसनी

**अम्बिकापुर (आरएनएस)।** धारदार हथियार से वार कर डायल 112 के ड्राइवर की हत्या कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कोरिया निवासी सोनूलाल यादव 33 वर्ष डायल 112 में ड्राइवर के रूप में पदस्थ था। गुरुवार को उसके ड्यूटी पर नहीं आने पर साथ काम करने वाले पुलिसकर्मियों ने उससे संपर्क किया पर संपर्क नहीं हो पाया था।

शुक्रवार सुबह उसकी लाश मिलीं गांव के लोगों ने उसका शव सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही एएसपी, सीएसपी समेत तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस को सोनूलाल के सिर में गहरे चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने बताया कि अज्ञात लोगों ने रात में धारदार हथियार से वार कर सोनूलाल की हत्या की हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

# कोविड से मृत लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 93 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 25 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें अनिल कुमार सिंह, अमृतदास वैष्णव, शांतिदेवी शर्मा, प्रियंका कुमारी, नरेन्द्र कुमार मित्तल, सरोजनी पटेल, गजराबाई नागदे, श्यामा गौतम, गौरीशंकर सतपथी, सुचिता जगतरामका, पुरूषोत्तम प्रसाद साहू, अमिचंद कर्ष, धनसया मांझी, अनादी राठिया, मालिकदास, भूरीबाई महंत, बेदराम पटेल, त्रिलोकी नाथ पटेल, हयग्रीव राव पुंयपु, सावित्री राठिया, विजेता षडंगी, मनोरंजन घोष, दौलतराम पटेल, शेख शाहीदुल इस्लाम एवं बाबूलाल बरिहा शामिल है। इसी तरह तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत मृत 5 व्यक्तियों में यशवंत सिंह ठाकुर, घसनीन बाई वारे, कीर्तिराम राठिया, तेजप्रताप सिंह, शोभन राम, घरघोड़ा अंतर्गत मृत 4 व्यक्तियों में राजेन्द्र प्रसाद, पवन मित्तल, देवनाथ निषाद, रामसिंह राठिया, तमनार अंतर्गत मृत 5 व्यक्तियों में गंगाधर पटेल, राधेश्याम सिदार, निराकार गुप्ता, तीजाबाई यादव, हरिशचन्द्र राठिया, लैलूंगा अंतर्गत मृत 7 व्यक्तियों में संतुराम गुप्ता, वेदप्रकाश शुक्ला, प्रेमशंकर पटेल, सुनील कुमार, नरेन्द्र कुमार बेहरा, गंगादेवी राज, श्रवण कुमार सिदार, बरमकेला अंतर्गत मृत 9 व्यक्तियों में राधेश्याम पटेल, ओमप्रकाश, दुर्गा एक्का, सुलोचना पटेल, सम्मेलाल चौहान, कमलावती सिदार, गिरधारी लाल पटेल, फोटोबाई साहू एवं कलाबाई, पुसौर अंतर्गत मृत 8 व्यक्तियों में भागीरथी पटेल, प्यारेलाल गुप्ता, शशीभूषण पटेल, प्रतिमा गुप्ता, दिलनबाई मानिकपुरी, मनोज कुमार काटे, डिलेश्वर गुप्ता एवं झनकराम पटेल, खरसिया अंतर्गत मृत 8 व्यक्तियों में भोजराम गबेल, व अन्य शामिल है।

# मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 28 नवम्बर को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 28 नवम्बर 2021 को प्रातः 10 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के लिए रायगढ़ में 51 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक-2401 शासकीय नटवर स्कूल, 2402-स्वामी बालकृष्ण पूरी लॉ कालेज रायगढ़, 2403-शास.गर्ल्स कालेज रायगढ़, 2404-सेठ किरोड़ीमल आदर्श बाल मंदिर रायगढ़, 2405-नगर पालिक निगम हायर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़, 2406-संत माईकल हिन्दी मीडियम स्कूल रामभांठा रायगढ़, 2407- संत माईकल इंग्लिश मीडियम स्कूल रामभांठा रायगढ़, 2408-कार्मेल गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल हिन्दी मीडियम, 2409-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़, 2410-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल उर्दना, 2411-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल चांदमारी रायगढ़, 2412-शास.गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कोष्टापारा (पुत्री शाला), 2413-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 2414-साई आदर्श स्कूल, कसेरपारा चक्रधरनगर, 2415-लोकमान्य तिलक हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 2416-शालिनी कान्वेट स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 2417-मुक्ति प्रकाश शालिनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरदादर, 2418-सेंट जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़, 2420-गुरूद्रोण हायर सेकेण्डरी छोटे अतरमुड़ा टीवी टावर रायगढ़, 2427-शा.हायर सेकेण्डरी स्कूल जूटमिल रायगढ़, 2419-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल टारपाली गोपालपुर रोड रायगढ़, 2421-जानकी कालेज ऑफ इजुकेशन, धनुवारडेरा एकताल रोड रायगढ़, 2422-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल लोईंग रायगढ़, 2423-डीपीएस स्कूल लोईंग रायगढ़, 2424-रायगढ़ कालेज एजुकेशन लायन रोड रायगढ़, 2425-हेमसुंदर गुप्ता शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल महापल्ली रायगढ़, 2426-बटमूल आश्रम कालेज साल्हेओना, 2428-शंकर पब्लिक स्कूल ओडिसा रोड गढ़उमरिया रायगढ़, 2445-शास.हायर सेकेण्डरी कोतरलिया रायगढ़, 2437-साधुराम विद्या मंदिर कोसमनारा रायगढ़, 2438-शास.हायर सेकेण्डरी धनागर रायगढ़, 2439-शास.गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कुसमुरा रायगढ़, 2440-अभिमान डीएड कालेज कुसकुरा रायगढ़, 2441-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल कोतरा रायगढ़, 2442-शास.हायर सेकेण्डरी गोर्रा, 2443-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल तारापुर रायगढ़, 2444-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल नंदेली रायगढ़, 2446-शास.हायर सेके.स्कूल पुसौर रायगढ़, 2447-आर्य दिदया सागर हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़, 2448-अभिनव ब्वायस हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़, 2449-ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़, 2450-शास.ब्वायस हायर सेकेण्डरी स्कूल सरिया रायगढ़, 2451-शास.गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल सरिया रायगढ़, 2429-उत्तम मेमोरियल कालेज पटेलपाली रायगढ़, 2430-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल कोड़ातराई, रायगढ़, 2431-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल तेतला रायगढ़, 2432-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल बड़े भंडार रायगढ़, 2433-ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली खरसिया रोड, रायगढ़, 2434-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल किरोड़ीमल नगर नींव बिल्डिंग रायगढ़, 2435- जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल किरोड़ीमल नगर पुराना बिल्डिंग रायगढ़ तथा परीक्षा केन्द्र 2436-शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल किरोड़ीमल नगर रायगढ़ शामिल है।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों में उड़न दल का गठन किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480